26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 11 जून, 2026
अंक- 227 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# दूषित रसगुल्ले खाने से मासूम बच्चे की मौत, कई की हालत बिगड़ी

बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)। रसगुल्ले खाने से हुए फूड पॉयजनिंग के कारण एक परिवार के कई बच्चों व दो महिलाओं की हालत बिगड़ गई, जिनमें से एक बच्चे की मौत हो गई। घटना नांगल सोती के ग्राम जीतपुर खास के एक परिवार में घटी। ग्राम निवासी सुधा देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश सिंह तीन दिन पहले अपने मायके ग्राम दौलतपुर थाना मंडावर में गई थी। सुधा देवी का भतीजा कारीगर है, उसने चंदक के एक बैंकेट हॉल में भोजन बनाया था, वहां उसे मिले काले रसगुल्लों में से कुछ रसगुल्ले सुधा देवी भी पोते- पोतियों के लिये लाई थी। कल शाम वे रसगुल्ले खाते ही देव (2 वर्ष) पुत्र राजीव, पल्लवी (4 वर्ष) पुत्री राजीव, मोनी पत्नी राजीव, वंश (12 वर्ष) पुत्र संदीप, ऋतिक (4 वर्ष) एवं कार्तिक (6 वर्ष) पुत्रगण सोनू, बबीता पत्नी सोनू को उल्टी-दस्त होने लगे। आज सुबह देव (2 वर्ष) पुत्र राजीव की मृत्यु हो गई, जबकि पल्लवी (4 वर्ष) को एक क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। किसी चिकित्सक पर गलत उपचार करने का आरोप लगाते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर 112 की पीआरवी के साथ थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। सीओ आकांक्षा गौतम भी पहुंचीं।



मासूम की मौत पर विलाप करती मां व अन्य महिलायें

परिजनों ने मुकदमा लिखाने तथा पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। उन्होंने पुलिस को लिखकर दे दिया कि वे कोई कानूनी कार्यवाही करना नहीं चाहते हैं, जिस पर पुलिस वापस लौट गई। परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद

**संख्या 306/ सोसा.पंजी./मुरादाबाद** **दिनांक 06/05/ 2026**

सेवा में,

श्री बृज किशोर गुप्ता पुत्र स्व. श्री रामेश्वर गुप्ता पता मौहल्ला बक्कालान धामपुर, जिला बिजनौर।

**विषय:- संस्था श्री चरणदास महादेव मन्दिर प्रबन्ध समिति, बाजार कलां मोहल्ला खातियान धामपुर, जिला बिजनौर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपयुक्त विषयक अवगत कराना है कि प्रश्नगत गत संस्था के संबंध में उपजिलाधिकारी धामपुर, जिला बिजनौर की जांच आख्या पत्र कार्यालय में दिनांक 20.04.2026 को प्राप्त है, जिसमें उल्लिखित है कि -

स्थलीय जांच एवं स्थानीय लोगों के बयानों के अनुसार संस्था श्री चरणदास महादेव मन्दिर प्रबन्ध समिति नाम से कोई संस्था वर्तमान में अस्तित्व में नहीं है और न ही इस सम्बन्ध में सम्बन्धित द्वारा कोई साक्ष्य ही दिया गया है एवं दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर मन्दिर प्रबंधन को लेकर विवाद है तथा वर्तमान में मौके पर प्राचीन सिद्धपीठ श्री बाला जी मन्दिर धामपुर मन्दिर परिसर का संरक्षण (पूजा/अर्चना / व्यवस्था आदि कार्य) श्री अमित कुमार गिरि महन्त जी द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही आख्या के अन्त में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद से श्री चरणदास महादेव मन्दिर प्रबन्ध समिति का पंजीकरण कराया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

अत: उक्त जांच आख्या के आधार पर संस्था का पंजीकरण किया जाना संभव नहीं है।

**भवदीय**
**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक रजिस्टार**

admission open

SB COLLEGE

(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad

LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)

6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP
Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# चोरी की बाइकों के साथ दो गिरफ्तार, तीन फ़रार

## बाइकों पर लगी थी फर्जी नम्बर प्लेट



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया, जबकि उनके तीन साथी मौके से फरार हो गए, पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई है। नगर के नहटौर रोड स्थित डम्बलपुरी फाटक पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा, उनके पास से दो मोटरसाइकिल मिलीं, जिन पर फर्जी नम्बर प्लेट व फर्जी चैसिस नम्बर व कूट रचित अभिलेख थे। पूछताछ करने पर पकड़े गए युवकों ने अपने नाम मनोज त्यागी पुत्र अनन्तराम निवासी ग्राम मिर्जापुर बकैना व तफसीर खान पुत्र लाल खान निवासी सलारपुर खालसा थाना रजबपुर अमरोहा बताया। पुलिस के अनुसार जांच में पाया गया कि इनके पास से मिली बुलेट मोटरसाइकिल पर अंकित नम्बर एवं आरसी फर्जी थी। जानकारी करने पर वास्तविक वाहन स्वामी द्वारा वाहन अपने कब्जे में होना बताया, दूसरी स्पेंलेंडर मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में बताया गया कि यह दिल्ली से चोरी हुई थी। पुलिस के अनुसार पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने अपने तीन अन्य साथियों हनीफ पुत्र मुस्ताक निवासी तालिबपुर, हिमांशु पुत्र नरदेव निवासी ग्राम मिर्जापुर बकैना तथा सुहैल पुत्र जलाउद्दीन निवासी ग्राम सिहानी गौसाई जनपद अमरोहा के साथ मिलकर दिल्ली एवं अन्य स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन पर फर्जी नम्बर प्लेट, फर्जी चैसिस नम्बर एवं कूटरचित आरसी तैयार कर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बबलू सिंह, कां. चरन सिंह, विशाल कुमार, कां. मोहित कुमार शामिल थे।

# नवागत एसडीएम का ऐलान दिन-रात चलेगा अभियान

## चार ओवर लोड वाहनों को सीज किया



**नगीना ( चिंगारी )।** नवागत एसडीएम प्रिंस कुमार ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को सीज करते हुए थाने के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम प्रिंस कुमार ने सड़क पर चल रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चैकिंग अभियान का नेतृत्व संभालते हुए रात्रि नगीना-बूंदकी तिराहे पर खनन सामग्री से ओवरलोड भरे दो डंपर व एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर नगीना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि बुधवार को चलाए गए अभियान में नगीना देहात क्षेत्र में एक ओवरलोड डंपर पकड़ा गया, जिसे नगीना देहात पुलिस के सुपुर्द किया गया। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में कहीं भी ओवरलोड वाहनों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। चैकिंग अभियान दिन-रात चलता रहेगा। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। दिन-रात चैकिंग अभियान चलाए रखने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।


# शेरकोट में कुकिंग गैस की किल्लत जनता को उठानी पड़ रही इल्लत

## एम.पी. बख्शी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को लिखा-पत्र



**शेरकोट ( चिंगारी )।** भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता एम.पी. बख्शी ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र भेजकर शेरकोट नगर में 45 दिन में गैस बुकिंग होने के कारण हो रही कुकिंग गैस की किल्लत को दूर कराने की मांग की है। एमपी बख्शी ने पैट्रोलियम मंत्री को भेजे पत्र में अवगत कराया कि शेरकोट नगर में काफी समय पूर्व ग्रामीण मानकों के आधार पर गैस एजेंसी स्थापित की गई थी। वर्तमान में नगर की आबादी और गैस उपभोक्ताओं में भारी वृद्धि होने के साथ-साथ नगर का विस्तार हो जाने के बाद भी गैस वितरण का कार्य ग्रामीण मानकों के अनुसार ही हो रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि पिछले कुछ माह से उत्पन्न हुए संकट के बाद नगर की एक मात्र गैस एजेंसी पर 45 दिन बाद गैस की बुकिंग होने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर की वर्तमान जनसंख्या एवं उपभोक्ता संख्या का पुनः मूल्यांकन कराकर आवश्यकता अनुसार 25 दिन बाद बुकिंग और गैस वितरण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। गौरतलब है कि लगभग सवा लाख की आबादी वाले नगर शेरकोट और ग्रामीण क्षेत्र की एक मात्र गैस एजेंसी पर 45 दिन बाद गैस बुकिंग और उसके लगभग एक सप्ताह बाद गैस मिल रही है, जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

# खुशी की उपलब्धि से कपूर परिवार को बेहद खुशी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुछ नया करने का जुनून और कड़ी मेहनत व लगन से कठिन परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मोहल्ला नई बस्ती निवासी सुरेंद्र कपूर एवं श्रीमती बीना कपूर की धेवती खुशी अरोड़ा ने एमबीबीएस-एमडी की उच्च चिकित्सा शिक्षा पास करके। खुशी ने यह उपलब्धि सात समुंदर पार कनाडा के कैलगरी में प्राप्त कर कपूर परिवार के साथ नगर का नाम रोशन किया है।





खुशी के पिता नवीन अरोड़ा, माताजी श्रीमती मीनाक्षी 20 वर्ष पूर्व कनाडा जाकर बस गये थे। परिजनों के अनुसार खुशी बचपन से ही मेधावी रही। उसने सिद्ध कर दिया कि लगन एवं दृढ़ संकल्प के सामने कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उल्लेखनीय है कि कनाडा का कैलगरी शहर स्वास्थ्य, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। प्रतिस्पर्धी वातावरण में एमबीबीएस-एमडी जैसी उच्च डिग्री प्राप्त करना वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। धेवती खुशी अरोड़ा की बड़ी उपलब्धि से कपूर परिवार गदगद है। नाना सुरेंद्र कपूर व नानी श्रीमती बीना कपूर की आंखों में खुशी के आंसू छलक आये। धेवती की पढ़ाई के चलते वह उनसे पिछले 11 वर्षों से मिल भी नहीं पाये। पंजाबी सभा के अध्यक्ष अनिल गंभीर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खुशी की यह असाधारण सफलता युवाओं के लिये प्रेरणाप्रोत है।




# बुजुर्ग पुश्तैनी काम बचा रहे, युवा लालच में सब कुछ गंवा रहे

## महंगाई व मंदी के चलते पुश्तैनी काम से परिवार नहीं चला पा रहे

–नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। महंगाई व बेरोजगारी के चलते काफी भागदौड़ करके भी ना जाने कितने गरीब परिवार घर ठीक से नहीं चला पा रहे है। काफी परिवारों में बुजुर्ग अपना पुश्तैनी काम जारी रखते हुए उसे बचाए रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं। मगर काफी युवा बिना कुछ किये आमदनी हो जाए, इस लालच में फंस कर अपना सब कुछ गंवा रहे है, लेकिन अपने पुश्तैनी काम की तरफ उनका ध्यान नहीं है। आज काफी युवा शॉर्ट कट यानि आजकल सोशल मीडिया पर चल रहे विभिन्न ऐपों के माध्यम से बिना कुछ किए उसमें कुछ पैसा लगाकर लालच में अपने परिवार का खून पसीने का पैसा भी उसमें लगाकर गंवा रहे है। मगर अपने परिवार के पुश्तैनी काम से लगातार दूरी बनाते हुए उसे सीखने व मेहनत कर पैसा कमाने को तैयार नहीं है। जिससे पुश्तैनी काम खत्म होते जा रहे है।

नगर के मौहल्ला बांसफोड़ान में पिछले काफी वर्षों से करीब एक सौ से भी अधिक परिवार बांस से टोकरी व चिक व अन्य सामान बनाकर इससे परिवार की रोजी रोटी चलाने का काम करते थे। मगर अब करीब एक दर्जन परिवार ही ऐसे होगे जो अपने पुराने बुजुर्गों का बांस छील काटकर इससे सामान बनाकर अपना रोजगार चलाने का काम कर रहे है। यह काम करने वाले परिवारों के मुखिया दाऊद हसन, इरशाद, फहीम, गुलजार, नदीम, जावेद आदि का कहना है कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि अब इस काम में मेहनत के हिसाब से आमदनी नहीं हो रही साथ ही बाजार में जो सामान पहले बांस से बनकर बिकता था वह अब लोग प्लास्टिक का लेना पसंद करते है जिससे उनके द्वारा बांस से बनाए गए सामान टोकरी, चिक आदि की डिमांड नहीं है। 24 फीट लम्बा एक बांस करीब 200 रूपए का आता है, इसे छील काटकर टोकरी बनाने में 18 रूपए का खर्च आता है, जबकि बाजार में यह मात्र 25 रूपए तक की बिकती है। सारे दिन वह बांस से टोकरी व चिक आदि बनाकर मात्र दो सौ से ढाई सौ रूपए तक ही कमा पाते है। इस काम में उन्हें ज्यादा मेहनत व कम आमदनी के चलते परिवार के युवा अपने इस पुश्तैनी काम को नहीं करना चाहते। इसी तरह से कुम्हार समाज में मिट्टी से बर्तन बनाकर बेचने का पुश्तैनी काम काफी कम होता जा रहा है। मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए सारे दिन मिट्टी लाकर उसे भिगौने के बाद चाक पर जुट कर काफी मेहनत से मिट्टी के बर्तन–घड़ा, सुराही, गुल्लक, हांडी आदि सामान बनाकर बाद में उसे बेचना पड़ता है। यह सब सामान अब प्लास्टिक में आने के कारण मिट्टी के बर्तनों का काम काफी कम हो गया है। मगर परिवार के बुजुर्ग अभी भी मिट्टी से बर्तन बनाने के इस काम में लगकर पुश्तैनी काम को बचाने के प्रयास में जुटे हैं। मगर युवाओं के इस ओर बिल्कुल भी रूचि न लेने से मिट्टी से बर्तन बनाने का यह काम भी काफी कम होता जा रहा है।



मछली बाजार में मिट्टी के बर्तन बेचता कुम्हार परिवार का बुजुर्ग व्यक्ति।



मौहल्ला बांसफोड़ान में बांस से टोकरी बनाता एक बुजुर्ग कारीगर।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए लगाये गये पौधे

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या टेलीलिंक एवं जल जीवन मिशन के कार्यालय परिसर राहतपुर, नजीबाबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक विजेंद्र कौशिक ने कहा कि पृथ्वी को हरा.भरा बनाने तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, जल संरक्षण एवं जैव विविधता के संवर्धन में भी सहायक हैं। वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय हाडू ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने व उसे विकसित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबंधक विष्णु सिंह, जल जीवन मिशन की स्टोर टीम के कौशल सिंह, अंकित कुमार, कृष्णा नैनवाल, वरिष्ठ अभियंता अजय सिंह, सुनील कुमार, करण यादव, नरपाल सिंह, कामेश्वर प्रसाद, महेश कुमार, मोहम्मद नाजिर, धीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जायें।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L

9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount

4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## महिलाओं की आर्थिक आजादी

भारतीय परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की आर्थिक आजादी पर चिंतन करते वक्त कुछ वास्तविकताओं पर गौर जरूरी है। जैसे, पुरुष-प्रधान समाज में स्त्री की किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा गया। आर्थिक मामलों से तो उसे दूर रखने की एहतियात आज का तथाकथित आधुनिक पुरुष वर्ग तक बरतता है। ऐसे में, घरों में कैद रहने वाली या आसपास के घरों अथवा खेतों में काम करने वाली 94 फीसद महिलाएं भला कैसे जीवन में किसी सुधार की अपेक्षा कर सकती हैं। यह विडंबना ही है कि बीड़ी बनाने, रंगाई, सिलाई-कढ़ाई, टोकरी की बुनाई, गलियों में फेरी लगाकर सामान बेचने या खेतों में काम करने से होने वाली थोड़ी-बहुत आय पर भी ज्यादातर मामलों में पुरुषों का कब्जा बना रहता है। तमाम महिलाएं अपनी कमाई पति को देकर इस भाव से निश्चिंत रहती हैं कि पैसा घर में ही तो रहा। महिलाओं की आर्थिक आजादी कई कारणों से जरूरी है। जैसे माना जाता है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का जीवनकाल अधिक होता है। कई मौकों पर पति की मृत्यु के बाद उन्हें शेष जीवन या तो बच्चों के सामने मोहताज बनकर या फिर परित्यक्ता-विधवा के रूप में बिताना पड़ता है। वृंदावन के आश्रमों में रहने वाली हजारों विधवाओं की नारकीय स्थिति को देखने से साफ पता चलता है कि एक विधवा के रूप में तमाम महिलाओं को अत्यधिक तिरस्कृत जीवन इसी कारण जीना पड़ता है, क्योंकि उनके हाथ में थोड़ी भी जमापूंजी नहीं होती। यही नहीं, तलाक और अलगाव के मामलों में भी देखने में आया है कि गुजारा भत्ता न मिल पाने की दशा में महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है। कामकाजी महिलाएं जानती हैं कि वेतन के रूप में मिलने वाली धनराशि उनके जीवन में कितनी आजादी, कितना सुकून और कितनी आत्मनिर्भरता लाती है। खास तौर से वे महिलाएं अपने जीवन और भविष्य को लेकर और ज्यादा निश्चिंतता महसूस करती हैं, जिनके बैंक खाते में ठीक-ठाक रकम जमा हो और जिसके मनचाहे उपयोग को लेकर वे स्वतंत्र हों। यह भी देखने में आया है कि कई बार पुरूष के मुकाबले महिलाएं ऐसी स्थिति में अधिक बेहतर फैसले लेती हैं।

# दहेज : कानून के बाद भी कायम कलंक

-डॉ. सुनिधि मिश्रा
मो. 7426888640



मई 2026 में दीपिका नागर और त्विशा शर्मा की मृत्यु ने एक बार फिर पूरे देश को हिलाकर रख दिया। दोनों के परिवारों ने दहेज उत्पीड़न को मृत्यु का कारण बताया। ये दो नाम उस लंबी सूची में जुड़ गए जो दशकों से भरती आ रही है और जिसे भरने से कोई कानून, कोई अभियान और कोई सामाजिक जागरूकता अब तक नहीं रोक पाई। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के 'भारत में अपराध 2024' प्रतिवेदन के अनुसार देश में वर्ष 2024 में दहेज-मृत्यु के पांच हजार सात सौ सैंतीस मामले दर्ज हुए अर्थात हर दिन लगभग सोलह जानें। यह संख्या अपने आप में एक राष्ट्रीय त्रासदी है। दहेज निषेध अधिनियम 1961 में बना, भारतीय दंड संहिता में धारा 304-ब जोड़ी गई और अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 तथा 85 के अंतर्गत इसे दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। इतने कठोर कानूनी ढांचे के बावजूद यह प्रथा क्यों जीवित है, यह प्रश्न केवल विधि-विशेषज्ञों का नहीं, पूरे समाज का है। वर्ष 2023 में दहेज संबंधी मामलों में चौदह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी, और दहेज निषेध अधिनियम के अंतर्गत पंद्रह हजार से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए। यह तथ्य इस भ्रम को तोड़ता है कि कानून बनाने मात्र से सामाजिक कुप्रथाएं समाप्त हो जाती हैं।

न्याय की स्थिति और भी चिंताजनक है। दहेज-मृत्यु के मुकदमों में अदालती निर्णयों की जो तस्वीर सामने आती है वह न्याय-व्यवस्था की सीमाओं को उजागर करती है। वर्ष 2023 में इन मामलों में साठ प्रतिशत से अधिक बरी हो गए। वर्ष 2024 में यह अनुपात कुछ सुधरा, फिर भी दोषसिद्धि की तुलना में दोषमुक्ति अधिक रही। विलंबित जांच, साक्ष्यों का अभाव, पीड़ित परिवारों पर सामाजिक दबाव और मुकदमेबाजी की लंबी थकान- ये सब मिलकर अपराधियों को बचाव का मार्ग दे देते हैं। गौरतलब है कि दहेज से जुड़े हजारों मामले हर वर्ष जांच की प्रतीक्षा में पड़े रहते हैं और पीड़ित परिवार न्याय के लिए वर्षों दर-दर भटकते हैं। यह समस्या किसी एक राज्य या वर्ग तक सीमित नहीं है, यद्यपि इसका भार असमान है। उत्तर प्रदेश और बिहार मिलकर देश की आधी से अधिक दहेज-मृत्यु के लिए जिम्मेदार हैं। मध्यप्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में भी स्थिति गंभीर है। महानगरों में दिल्ली सर्वाधिक दहेज-मृत्यु वाला शहर बना हुआ है। किंतु यह मानना भी भूल होगी कि यह केवल निर्धन या अशिक्षित परिवारों की समस्या है, त्विशा शर्मा एक शिक्षित और नौकरीपेशा महिला थी। दहेज की मांग का दायरा पढ़े-लिखे और संपन्न घरों तक भी फैल चुका है, बस उसका स्वरूप बदल गया है। दहेज की प्रथा ने समय के साथ अपना रूप बदल लिया है। जो कल नकद और गहनों की मांग थी, वह आज महंगी कार, विदेश-यात्रा और फ्लैट की मांग में बदल गई है। विश्व बैंक के एक दीर्घकालिक अध्ययन के अनुसार ग्रामीण भारत में 95 प्रतिशत से अधिक विवाहों में किसी न किसी रूप में दहेज दिया जाता है। नगरीय समाज में इसे 'उपहार' और 'परिवारों की इच्छा' का नाम दिया जाता है, लेकिन अनिच्छा से दिए गए उपहार और जबरन वसूली में अंतर केवल शब्दों का रह जाता है। यह 'सभ्य' आवरण दहेज को अदृश्य बनाता है और इसीलिए वह और अधिक टिकाऊ भी बन जाता है।



दहेज की जड़ें उस सामाजिक सोच में हैं जो स्त्री को परिवार का बोझ और पुरुष को आर्थिक संपत्ति मानती है। यह सोच शिक्षा से स्वतः नहीं मिटती, यह तभी बदलती है जब शिक्षा के साथ सामाजिक मूल्यों का पुनर्निर्माण हो। बेटी की शादी पर लाखों रुपये खर्च करने की 'परंपरा' के पीछे एक गहरा आर्थिक तर्क है कि लड़की की शादी एक 'दायित्व-निर्वहन' है और विदाई के साथ माता-पिता का 'ऋण' चुकाना होता है। जब तक यह मानसिकता नहीं बदलती, तब तक न तो कानून काम करेगा, न कोई अभियान। आंकड़ों की एक और सीमा यह है कि वे वास्तविकता का बहुत छोटा हिस्सा दर्शाते हैं। अधिकांश दहेज उत्पीड़न के मामले कभी थाने तक नहीं पहुंचते। पुलिस अक्सर दहेज-मृत्यु को आत्महत्या या दुर्घटना के रूप में दर्ज कर देती है। पीड़ित परिवार सामाजिक कलंक, दोबारा विवाह की चिंता और न्यायिक प्रक्रिया की थकान के कारण चुप रह जाते हैं। इसीलिए विशेषज्ञ मानते हैं कि दर्ज आंकड़े वास्तविक पीड़ा के एक अंश मात्र हैं। जो दिखता है, वह भी इतना भयावह है, जो नहीं दिखता, उसकी कल्पना और भी कठिन है। इस कुप्रथा से मुक्ति का मार्ग कानून-संशोधन से अधिक सामाजिक रूपांतरण से होकर गुजरता है। सर्वप्रथम, पुलिस और न्यायपालिका को दहेज-मृत्यु के मामलों में संवेदनशील और तत्पर प्रशिक्षण दिया जाए ताकि मामलों का वर्गीकरण सही हो और जांच त्वरित हो। दूसरा, विद्यालयों में लैंगिक समानता और स्त्री-सम्मान को पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए, यह परिवर्तन पीढ़ी-दर पीढ़ी काम करता है। तीसरा, दहेज देने वाले परिवारों को भी कानूनी और सामाजिक जवाबदेही के दायरे में लाया जाए, क्योंकि मांग तभी जीवित रहती है जब उसकी पूर्ति होती है।

## आज का विचार...

# मिशनरी वाले कर रहे चिंतन गोदी मीडिया झूठ में मगन!

-हिंदुस्तानी

बिजनौर टाइम्स ग्रुप और श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत ने हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने पर जिस तरह से समारोह किया, चिंगारी, बि.टा. का विशेष अंक प्रकाशित किया। कई पत्रकारों, यूट्यूबर और विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहे लोगों को सम्मानित किया। 'मुद्रण से डिजिटल तक' विषय पर सार्थक चर्चा की, वह अपने आप में सराहनीय स्मरणीय और दूसरे क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रेरणा श्रोत बन गया। चिंगारी एडिटर भाई सूर्यमणि रघुवंशी व उनकी टीम और यूनियन के अध्यक्ष भाई मरगूब रहमानी और महामंत्री भाई अनिल चौधरी सहित सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। इसके साथ ही जनपद राज्य और देशभर के नगरों सहित गांव और कस्बों तक में कई अन्य पत्रकार संगठनों ने भी प्रोग्राम कर मिशनरी पत्रकारिता पर चिंतन-मनन और मंथन किया।



यह विडंबना ही है जहां छोटे और मझोले हिंदी अख़बारों और उनसे जुड़े पत्रकारों व यूनियनों ने इस ऐतिहासिक अवसर पर अनेक स्थानों पर सेमिनार किए और इस बिंदु पर गहन चर्चा की गई कि कैसे हिंदी पत्रकारिता को सांप्रदायिकता, जातिवाद, पूंजीवाद, झूठ, नफ़रत और पीत पत्रकारिता से बचाया जाए और इसको मिशनरी बनाए रखा जाए, जिससे आम आदमी का भरोसा हिंदी पत्रकारिता में बना रहे। वहीं राजधानी दिल्ली, नोएडा और लखनऊ सहित कई राज्यों की राजधानी और महानगरों से लेकर देशभर के हिंदी के बड़े-बड़े स्वनाम धन्य अखबारों मीडिया हाउस, टीवी चैनलों और सत्ता के चापलूस यूट्यूबर्स ने इस ऐतिहासिक मौके पर कोई बड़ा प्रोग्राम गोष्ठी या आयोजन कहीं किया हो इसकी कोई खबर अब तक सामने नहीं आई। वे अपने गोदी मीडिया के फ़र्ज़ी मुद्दों के एजेंडे में झूठ परोसकर उसी में मगन हैं।

जिन हिंदी टीवी न्यूज़ चैनल कथित राष्ट्रीय हिंदी अख़बारों और पत्रिकाओं व यूट्यूबर्स ने पत्रकारिता को न केवल मिशन से समाचार और विचार बेचने का गंदा धंधा बनाकर गोदी मीडिया बना दिया है, उन्होंने इस अवसर पर अपने गिरेबां में झांकने को कुछ मिनट भी खर्च करना मुनासिब नहीं समझा, जिससे उनको आईने में देखकर अपने चेहरे पर स्वार्थ झूठ और नफ़रत की पुती कालिख नज़र आती तो कुछ थोड़ी सी शर्म आ जाती। ये गोदी मीडिया इतना बेशर्म, निर्लज्ज और ढीठ हो चुका है कि इसको इस बात से कोई सरोकार नहीं कि इसकी पेड फेक और नफ़रत की रिपोर्टिंग से देश, समाज और हमारी संस्कृति को कितना भारी नुकसान पहुंच रहा है।



फाइल

ट्रैजिडी यह है कि गांव कस्बों और छोटे नगरों के जो पत्रकार अख़बार और प्रकाशक संपादक अभी भी क्षेत्रीय आंचलिक और ज़मीन से जुड़ी जनहित की पत्रकारिता जोखिम और नुकसान उठाकर भी कर रहे हैं, वे ही इस मौके पर गोष्ठी समारोह और सम्मेलन करके आत्म विश्लेषण, आत्म आलोचन और आत्म निरीक्षण कर रहे हैं कि कहीं हम जनहित की पत्रकारिता से भटक तो नहीं रहे हैं और जो कथित बड़े पत्रकार और बड़े अखबार व टीवी न्यूज़ चैनल वास्तव में भटककर चंद टकों के लालच में अपना ज़मीर बेचकर अपना दिमाग़ खाली कर अपनी जेब बेशर्मी से भरने में लगे हैं, उन्होंने पत्रकारिता दिवस पर आत्म चिंतन की ज़रूरत भी महसूस नहीं की। इसे ही कहते हैं शर्म उनको मगर नहीं आती।


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# मसूरी में खाई में गिरी कार दुर्घटना में मारे गये चार




**देहरादून ( चिंगारी )।** मसूरी में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां एक कार दुर्गम 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कार सवार उत्तरकाशी से आ रहे थे।

मसूरी-कोलूखेत झड़ीपानी शॉर्टकट मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस, एसडीआरएफ और 108 एंबुलेंस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन सैकड़ों फीट गहरी खाई में गिरा है। घनी झाड़ियां और दुर्गम भू-भाग होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीआरएफ की टीम ने रस्सियों और विशेष उपकरणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मसूरी पुलिस ने बताया कि 112 कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रातः समय 09:16 बजे थाना मसूरी पर सूचना प्राप्त हुई कि झड़ीपानी रोड चौकी बार्लोगंज मसूरी क्षेत्र में तीव्र ढलान में एक छोटी कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना पर कोतवाली मसूरी से पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई और घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीआरएफ व फायर सर्विस तथा 108 एम्बुलेंस को सूचित किया गया जो मौके पर पहुंचे।

# श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**धामपुर ( चिंगारी )।** रानी बाग कॉलोनी मे प्रारंभ हुए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सिरों पर मंगल कलश धारण किए हुए पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने भगवान कृष्ण एवं राधा रानी के भजनों से निर्धारित मार्गों को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा में एक सुसज्जित वाहन पर विराजमान वृंदावन से पधारे भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज आशीर्वाद की अनुभूति करा रहे थे। कलश यात्रा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान देवदत्त एवं उनकी धर्मपत्नी सुमित्रा देवी रहे। पूजन कार्यक्रम पुरोहित आचार्य पंडित सचिन कुमार शर्मा ने संपादित कराया। निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद कलश यात्रा वापस रानी बाग कॉलोनी स्थित व्यास पीठ पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सभी मंगल कलश व्यास पीठ के समक्ष स्थापित कर दिए गए।

# उत्तराखण्ड बनेगा दालचीनी का हब : गणेश जोशी

## 11 व 12 जून को दून में होगा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार व वर्कशॉप

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड को देश का प्रमुख सिनेमन (दाल चीनी) उत्पादन केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सेलाकुई स्थित परफ्यूमरी एंड एरोमैटिक रिसर्च-डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (सीएपी) में 11 और 12 जून को सिनेमन (दालचीनी) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार और वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इसमें श्रीलंका, इंडोनेशिया समेत कई देशों के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, उद्योग प्रतिनिधि और किसान हिस्सा लेंगे।

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं भी दीं। कृषि मंत्री ने बताया कि सेलाकुई स्थित सगंध पौधा केंद्र को अब परफ्यूमरी एंड एरोमैटिक रिसर्च डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट के रूप में विकसित किया गया है। यह संस्थान एरोमैटिक सेक्टर में रिसर्च, ट्रेनिंग, प्रोसेसिंग, क्वालिटी टेस्टिंग, बिजनेस डेवलपमेंट और वैल्यू एडिशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में संस्थान की पहल से राज्य में करीब 10 हजार हेक्टेयर भूमि पर एरोमैटिक फार्मिंग का विस्तार हुआ है। वर्तमान में 109 अरोमा क्लस्टर्स के माध्यम से लगभग 29 हजार किसान इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, जबकि 200 से अधिक फील्ड डिस्टिलेशन यूनिट्स भी स्थापित की जा चुकी हैं।

साल 2003 में जहां इस सेक्टर का




कारोबार मात्र 2 करोड़ रुपए था, वहीं 2025 तक यह बढ़कर 100 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुका है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि एरोमेटिक फार्मिंग की बढ़ती लोकप्रियता और किसानों की आय में हो रही वृद्धि को देखते हुए राज्य सरकार ने 'उत्तराखण्ड महक क्रांति पॉलिसी 2026-36' लागू की है।

इस महत्वाकांक्षी नीति के तहत राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सुगंधित फसलों की खेती से जोड़ा जाएगा और करीब 91 हजार किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी योजना के तहत चंपावत और नैनीताल जिलों में लगभग 5200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिनेमन वैली विकसित की जा रही है।



# देहरादून में सम्मानित हुई डॉ. सारंगादेश

**धामपुर ( चिंगारी )।** संदल फाउंडेशन ग्रुप के वार्षिकोत्सव पर देहरादून में आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में धामपुर की शिक्षाविद्, एवं कवयित्री डॉ. सारंगादेश असीम को तिलक, श्रीफल, पुष्पमाला सम्मानवस्त्र तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 29 साहित्यकारों ने भाग लिया और दोनों दिन गीत,गजल और विभिन्न रचनाओं से वातावरण काव्यमय बना रहा। डॉ. सारंगादेश अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलनों के साथ ही 2016 में सिंगापुर,मलेशिया,एवं श्रीलंका में आयोजित कवि सम्मेलनों में सम्मान प्राप्त कर बिजनौर जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। आगामी सितंबर माह में भूटान में आयोजित हिंदी साहित्य सम्मेलन में भी डॉ.सारंगादेश की अध्यक्षता में लगभग 51 कवि भाग लेंगे।

# धामी ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 89 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां दीं

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के लिए लगभग 89 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इनमें पुलिस आवास, कारागार निर्माण, आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता, क्षेत्रीय विकास कार्यों तथा उत्तराखण्ड आश्रम, पुष्कर के लिए अनुदान शामिल है। मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन रोशनाबाद, हरिद्वार में टाइप-द्वितीय के 120 आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 42.47 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं थाना ऋषिकेश में जर्जर आवासीय भवनों को ध्वस्त कर टाइप-द्वितीय के 36 एवं टाइप-तृतीय के 9 नए आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 17.44 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त जिला कारागार देहरादून



में अहाता संख्या-05/06 की आठ बैरकों के प्रथम तल पर नई बैरकों के निर्माण के लिए 59.78 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष में पुलिस के विभिन्न अधिष्ठानों के लिए 27.60 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त किए जाने को भी मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी की तहसील जशीयाड़ एवं डुंडा क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित नौ परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 2.16 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यह सहायता छह माह तक 4,000 रुपये प्रतिमाह किराया भुगतान के रूप में प्रदान की जाएगी।

क्षेत्रीय विकास कार्यों के तहत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के मुख्य बाजारों में 10 हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए 29.32 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 97.79 लाख रुपये की स्वीकृति देते हुए प्रथम किश्त के रूप में 58.67 लाख रुपये जारी करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने राजस्थान के तीर्थराज पुष्कर स्थित उत्तराखण्ड आश्रम में जेनसेट, पेयजल व्यवस्था एवं सोलर पैनल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए 50 लाख रुपये के अनुदान को भी मंजूरी दी है। इन स्वीकृतियों से प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विकास, पुलिस एवं कारागार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने में मदद मिलेगी।

# पीएम मोदी ने नया कीर्तिमान बनाया भाजपाइयों ने हवन-यज्ञ कराया



**धामपुर ( चिंगारी )।** नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने, राष्ट्र की उन्नति तथा जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। पंडित राजेंद्र वशिष्ठ ने विधि-विधान से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। मंत्रोच्चारण के बीच उपस्थित जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कर देश की सुख-समृद्धि एवं विकास के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर धामपुर विधायक अशोक राणा, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अशोक कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षीय कार्यकाल को देश के विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा जनहितकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, लीना सिंघल, आशीष सिंघल, डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. एन.पी. सिंह, राघव शरण गोयल, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, उदित जैन, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, आशीष राजपूत, अनिल कुमार, नागेश्वर दयाल गहलोत, दीपेंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। हवन-यज्ञ के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था, राष्ट्रभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# बाहर से दवा लिखने पर मेडिकल अस्पताल में हंगामा



हंगामा करते परिजन।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती एक मरीज के उपचार में लापरवाही और बाहर से दवा लिखे जाने के आरोप को लेकर बुधवार को मरीज के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। परिजनों ने चिकित्सकों पर सही उपचार न देने तथा सरकारी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ न मिलने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम हमजापुर निवासी गजरा देवी को सांस लेने में परेशानी और खून की कमी के चलते दो दिन पूर्व जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था। मरीज के पुत्र कोमल सिंह का आरोप है कि उनकी माता का उपचार कर रहे चिकित्सक डॉ. आर.के. डाबरा ने उन्हें बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने के लिए लिखा था, जिसे वे खरीदकर ले आए। आरोप है कि अगले दिन डॉ. अबू हाशमी ने उस दवा को मरीज के लिए उपयुक्त न बताते हुए लगाने से मना कर दिया। कोमल सिंह ने बताया कि चिकित्सकों ने उनकी माता को खून चढ़ाने की बात भी कही थी, लेकिन इस संबंध में कोई लिखित पर्ची या निर्देश नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने स्टाफ नर्स से जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि डॉक्टर की ओर से अभी तक कोई निर्देश नहीं मिला है। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद संबंधित चिकित्सक मरीज को देखने नहीं पहुंचे, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हंगामे के दौरान कोमल सिंह ने कहा कि गरीब मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर सरकारी अस्पताल आते हैं, लेकिन यहां उन्हें बाहर से महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है।

## प्राचार्य ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. तुहीन वशिष्ठ ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में बाहर से दवा लिखना गलत है। मामले की जांच के लिए सीएमएस डॉ. आर.बी. त्यागी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# इम्तियाज़ चायवालों का इंतेकाल



**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला महल सराय निवासी इम्तियाज चाय वालों का बीती रात हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। वह एक मिलनसार व हर किसी के सुख-दुख में काम आने वाले व्यक्ति थे और किसी की भी मदद करने से पीछे नहीं हटते थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही उनके परिचितों व मोहल्ले में शोक छा गया। 62 वर्षीय इम्तियाज चाय वालों का जनाजा मंगलवार को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, टीनू जोशी, सुजीत जोशी, मोनू जोशी, संजय, संदीप जोशी, राहुल जोशी, नाजिर अंसारी, डॉ. अजहर अंसारी, डॉ. खालिद, पत्रकार इकबाल अंसारी, पत्रकार जुल्फिकार मंसूरी, कारी राशिद हमीदी, मास्टर शाहिद, फहीम मंसूरी, अल्ताफ अंसारी, सपा नेता सलमान अंसारी, शौकत अली, पूर्व प्रधान नसीम कस्सार, डॉ. आसिफ अली के अलावा अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े क्लीनिक का शटर उठाकर नकदी व मोबाइल ले गये चुरा कर

**धामपुर ( चिंगारी )।** मौ. नई सराय निवासी तनवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका क्लीनिक मक्की मस्जिद के पास है। वह मंगलवार की दोपहर अपने क्लीनिक से इमरजेन्सी मरीज देखने के लिए गया था। जल्दबाजी में सारा सामान छोड़कर दुकान का शटर बन्द कर दिया था। मरीज देखकर अपने क्लीनिक पर आया तो देखा कि क्लीनिक का सारा सामान बिखरा पड़ा है। गल्ले से 30 हजार रूपए व दो मोबाइल गायब थे। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखे तो एक संदिग्ध युवक क्लीनिक में घुसते हुए दिखाई दिया। पुलिस से मामले में जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# महिलाओं ने किया सुन्दर काण्ड का सामूहिक पाठ



**धामपुर ( चिंगारी )।** मलमास के आखिरी बड़े मंगलवार के उपलक्ष में महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। देर शाम मौहल्ला लोहियान के निकट सुंदरकांड महिला ग्रुप द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की अनेक महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। अंत में आरती कर सबने प्रसाद ग्रहण किया। सुंदरकांड पाठ में मिथिलेश शर्मा, नीना बंसल, गौरी मिश्रा, पूनम शर्मा, रागिनी बंसल, सीमा गुप्ता, पूजा गुप्ता, रजनी अग्रवाल, रश्मि मनोरमा आदि महिलाओं ने भाग लिया।

# किसी भी समाज की तरक्की शिक्षा, जागरूकता और आपसी भाईचारे से ही संभव : फिरोज अंसारी

## आल इंडिया मोमिन कान्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रेस वार्ता



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी ने कहा कि किसी भी समाज की असली तरक्की शिक्षा, जागरूकता और आपसी भाईचारे से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज हित में आगे आने का आह्वान भी किया। ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी ने एक रिजोर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा, आपसी भाईचारा और युवाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि संगठन लगातार समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान एवं अधिकारों की आवाज को बुलंद करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश की सेवा करनी चाहिए। संगठन द्वारा सामाजिक एकता, शिक्षा और रोजगार को लेकर विभिन्न कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस हमेशा देश हित के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस के बैनर तले मुस्लिम अकलियत समाज को एकजुट कर उन्हें मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस का मकसद समाज को संगठित कर देश की एकता, अखंडता के लिए काम करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान अंसारी, कोषाध्यक्ष मुजीब खालिद अंसारी, जिलाध्यक्ष सुल्तान अंसारी, पूर्व सभासद सरफराज अंसारी, शराफत अंसारी, शाकिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों के क्षमता विकास के लिए काम कर रहे अथहर महमूद

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नई शिक्षा नीति और बदलते शैक्षिक परिवेश के बीच शिक्षकों की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। बच्चों में रचनात्मकता, कला कौशल तथा व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने के लिए शिक्षकों को भी समय के अनुरूप अपनी शिक्षण पद्धतियों में बदलाव लाने की आवश्यकता है।

इसी उद्देश्य को लेकर कालागढ़ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अथहर महमूद सिद्दीकी जनपद बिजनौर के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों के क्षमता विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने चांदपुर, नगीना, बिजनौर और धामपुर तहसीलों के अनेक माध्यमिक विद्यालयों में लगभग 600 शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों और व्यक्तित्व



विकास के प्रति प्रेरित किया है। अथहर महमूद सिद्दीकी का कहना है कि वर्तमान समय में स्कूलों में आने वाले अधिकांश बच्चे जागरूक और शिक्षित परिवेश से आते हैं। ऐसे में उनकी जिज्ञासाओं और सीखने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए शिक्षण को केवल किताबों तक सीमित न रखकर व्यावहारिक बनाया जाना चाहिए। उनका मानना है कि भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास संभव है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 के दशक में वह सामाजिक सरोकारों से जुड़े और समाचार लेखन के माध्यम से समाज सेवा का कार्य किया। समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार के खेल विभाग की ओर से जिला युवा पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। शिक्षा क्षेत्र में उन्होंने कैथोलिक डायसिस ऑफ बिजनौर के अंतर्गत 28 वर्षों तक शिक्षण कार्य किया। सेवानिवृत्ति के बाद वह शिक्षकों के क्षमता विकास, विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन तथा किशोरों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। अब तक 200 से अधिक छात्र-छात्राओं की भविष्य संबंधी काउंसलिंग कर उन्हें शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित कर चुके हैं।

## हवन कर पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त करने पर हवन कर मोदी की दीर्घायु की कामना की गई।



यहां शिव मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 4,399 दिनों की यह सेवा यात्रा 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास, समर्थन और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास स्मृद्धि, सुशासन और वैश्विक गौरव के नये-नये कीर्तिमान स्थापित करता रहे तथा विश्व पटल पर अपनी प्रतिष्ठा को ओर अधिक सुर्दुढ़ बनाए।

इस अवसर पर संयोजक चौ. सुधींद्र सिंह, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष पल्लव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, नरेंद्र कुमार, अभिषेक, नितिन कुमार, विक्की जोशी, शेखर, जितेंद्र कुमार, दीपक प्रधान, पूजा देवी, पूनम अग्रवाल, श्रीमती संध्या शर्मा, प्रशांत कुमार, जयवीर सिंह, बृजपाल सिंह, ब्रजवीर सिंह, विवेक भाटिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शुरू हुआ सीवर लाइन डालने का काम
## जलभराव की समस्या का होगा समाधान

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कुछ दिनों पूर्व बिजनौर दिशा की मीटिंग में किरतपुर जलभराव की समस्या तथा किसानों की जमीन पर नगर पालिका द्वारा पानी डालने पर सांसद ने आक्रामक रुख अपनाया था और अधिकारियों से जवाब तलब किया था कि किसानों की जमीन पर नगर पालिका पानी डाल रही है, जिससे उनकी फसलें नष्ट हो रही हैं उसका मुआवजा कौन देगा? आखिर किसकी अनुमति से पानी डाला जा रहा है? सांसद ने अधिकारियों को दोटूक कहा था इस समस्या का समाधान शीघ्र कराएं। जल विभाग ने अब नगर में सीवर लाइन डालकर नालों को एक-दूसरे नाले से लिंक करके सारा पानी मंडावर रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर ले जाने का कार्य शुरू कर दिया है। पानी वहां प्यूरीफाई करके नदी में डाला जाएगा। सांसद के इस प्रयास से नगर में हो रही जलभराव समस्या समाप्त होगी। सांसद की कार्यप्रणाली की नगर में सराहना हो रही है।



## बढ़ती महंगाई और स्कूल फीस से लोग परेशान, सरकार करे समाधान
### बोले फरहाज पठान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश महासचिव युवा पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं मीडिया प्रभारी फरहाज़ पठान ने कहा कि आज किसान और आम जनता अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों को जहां बिजली, सिंचाई, फसलों के उचित मूल्य और समय पर भुगतान की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम नागरिक बढ़ती महंगाई, स्कूल-कॉलेजों की लगातार बढ़ती फीस और विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार से परेशान हैं। फरहाज़ पठान ने कहा कि निजी स्कूलों और कॉलेजों द्वारा हर वर्ष फीस में की जा रही बढ़ोतरी से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में मनमानी फीस वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण होना चाहिए ताकि हर वर्ग का बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं विभिन्न सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन को भ्रष्टाचार पर कठोर कार्रवाई करते हुए पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। फरहाज़ पठान ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि किसानों, युवाओं, छात्रों और आम जनता से जुड़े सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन भानु किसानों और समाज के हर वर्ग की आवाज उठाने का कार्य करती रहेगी और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी।

## पुलिया पर बैठा दिखाई दिया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में जगह-जगह गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय बना हुआ है। बीती रात बास्टा रोड पर हैजरपुर की पुलिया पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। उधर से गुजर रहे राहगीर ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। तीन दिन पूर्व गुलदार ने दवाई लेकर बिजनौर से लौट रहे दो युवकों पर हमला कर दिया था।

बीती रात कार से चांदपुर से बास्टा की ओर जा रहे राहगीरों को हैजरपुर की पुलिया पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। राहगीर ने इसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी। 5 दिन पूर्व मुहल्ला काजीजादगान में एलआईसी के पीछे स्थित आबादी में गुलदार दिखाई दिया था। तीन दिन पूर्व गुलदार ने



बिजनौर से मोटरसाइकिल से दवाई लेकर अपने गांव भवानीपुर गगरेन निवासी दो युवकों पर हमला कर उनको घायल कर दिया था। क्षेत्र में जगह-जगह गुलदार दिखाई देने से लोग रात्रि के समय मोटरसाइकिल से चलने से बच रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने भी लोगों से सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

## एक माह में पांच गुलदार पिंजरे में कैद हुए

क्षेत्र में एक माह के भीतर ग्राम गालिबपुर में दो, इस्माईलपुर स्थित डायट से एक व शुगर मिल परिसर स्थित आवासीय कालोनी से दो गुलदार पिंजरे में कैद हो चुके हैं। शुगर मिल परिसर स्थित आवासीय कालोनी में अभी भी गुलदार घूमते दिखाई दे रहा है, हालांकि वन विभाग ने वहां पिंजरा लगा रखा है।

# मंडलीय खरीफ गोष्ठी में दिगंबर सिंह बोले-

# बाड़ ही खेत को खा रही

## कृषि विभाग के अफसरों पर जमकर भड़के किसान नेता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में आयोजित मंडलीय खरीफ गोष्ठी में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। युवा किसान नेता दिगम्बर सिंह किसान मुद्दों को लेकर गोष्ठी में खूब गरजे। उन्होंने आला अफसरों के सामने आरोप लगाए कि आज हालात ऐसे हैं कि अफसरों की नाक के नीचे यूरिया की कालाबाजारी और वैक्सीनेशन में गड़बडी हो रही है। गोष्ठी में मुरादाबाद, सहारनपुर एवं मेरठ मंडल के सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे तो खेत का सुरक्षित रह पाना मुश्किल हो जाता है। आज यदि कोई विभाग किसानों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहा है तो वह कृषि विभाग है। दिगम्बर सिंह ने बीज वितरण, खराब जर्मिनेशन तथा कुछ कंपनियों को संरक्षण दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उड़द का अंकुरण मात्र 20 से 30 प्रतिशत तक ही हो रहा है। चौधरी दिगंबर सिंह ने सवाल किया कि आखिर ऐसी कंपनियों को बार-बार संरक्षण क्यों दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि ढैंचा का बीज अप्रैल माह में वितरित हो जाना चाहिए था, लेकिन वितरण कार्यक्रम अभी तक चल रहा है। विभाग अपने गोदामों पर ओवररेटिंग तक नहीं रोक पा रहा है और किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने में विफल साबित हो रहा है।

दिगम्बर सिंह ने यूरिया की कालाबाजारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि किसानों पर तमाम प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद खुले बाजार में यूरिया की कालाबाजारी जारी है। किसान यूरिया के लिए भटक रहा है, जबकि उद्योगों और फैक्ट्रियों को पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति हो रही है। मिट्टी के लगातार बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए दिगंबर सिंह ने नकली कीटनाशकों और कृषि रसायनों के कारोबार पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि चीनी मिलों को कृषि दवाएं बेचने का अधिकार किस आधार पर दिया गया है तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संचालित पेस्टिसाइड निर्माण इकाइयों में कितनी फैक्ट्रियों में मानक के अनुरूप प्रयोगशाला और केमिस्ट उपलब्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि कृषि विभाग के अधिकारियों के फोन बंद कराकर किसी भी संदिग्ध फैक्ट्री में छापा मारा जाए तो बड़ी मात्रा में नकली पेस्टिसाइड बरामद हो सकते हैं। दिगम्बर सिंह ने पशुपालन विभाग पर निशाना साधते हुए वैक्सीनेशन में गड़बडी व वैक्सीन चोरी के विषय को उठाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र कुमार, अपर मुख्य सचिव गन्ना एवं चीनी उद्योग वीणा कुमारी, मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव पशुपालन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# रोडवेज पासिंग से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी ने रोडवेज पासिंग से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी को भेजी एक शिकायत में सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कहा कि नजीबाबाद रोडवेज बस स्टैंड के पास पूर्व में यात्रियों के बैठने के लिए टीन शेड का निर्माण कराया गया था, इसके आसपास कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस कारण आमजन को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहां पैसेंजर धूप में खड़े रहते हैं, इसलिए यहां से अतिक्रमण का हटना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से रोडवेज के टीन शैड के पास हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ताकि आमजन व पैसेंजर को राहत मिल सके तथा जाम भी न लगे। शिकायती पत्र पर मदन सिंह, राजू, अरुण कुमार, विधाता, अनिल कुमार, सुनील कुमार, आदित्य शर्मा आदि के हस्ताक्षर हैं।



रोडवेज में टीनशेड के पास हुआ अतिक्रमण।

## बच्चों के झगड़े की शिकायत करने घर पहुंचे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। कस्बा जलालाबाद के मोहल्ला गुलिस्तान में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद की शिकायत लेकर पड़ोसी के घर पहुंचे एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जलालाबाद के मोहल्ला गुलिस्तान में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, दोनों पक्षों के बच्चों ने घर पहुंचकर अपने-अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। बताया जाता है कि अपने बच्चों के साथ हुई मारपीट की शिकायत करने के लिए यूनुस दूसरे पक्ष के अभिभावक शमशाद के घर पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई तथा शमशाद पक्ष ने यूनुस पर खतरनाक ढंग से धारदार हथियारों से हमला कर दिया। झगड़ा बढ़ने के दौरान आसपास मोहल्ले के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई, घायल यूनुस को परिजन व स्थानीय लोग तत्काल चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी हालत को देखते हुए सरकारी अस्पताल रैफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने उसके सिर में गंभीर चोट होने की बात बताई है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नामजद आरोपी घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं।**

# अमानगढ़ में जंगल सफारी को 15 दिन बढ़ाया

## पर्यटक अब 30 जून तक कर सकेंगे जंगल सफारी



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में पर्यटकों के लिए जंगल सफारी हेतु इस सत्र की निर्धारित तिथि 15 जून से बढ़ाकर अब 30 जून तक कर दी गई है, अर्थात यहां जंगल सफारी के इस सत्र की समयावधि 15 दिन आगे बढ़ा दी गई है। पर्यटक अब 15 जून की बजाय 30 जून तक अमानगढ़ टाइगर एरिया में जंगल सफारी का आनंद ले पाएंगे, जिसके बाद वर्षा ऋतु के मद्देनजर इस सत्र की समाप्ति हो जाएगी और वर्षाकाल उपरांत फिर जंगल सफारी का अगला सत्र प्रारंभ होगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ अनुराधा वेमूरी ने इस सम्बंध में गत दिवस जारी अपने आदेश संबंधितों को प्रेषित कर दिये हैं। पर्यटन सत्र की अवधि 30 जून तक बढ़ाई जाने की पुष्टि करते हुए अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने कहा कि पर्यटक अब अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में 30 जून तक जंगल सफारी कर सकेंगे। बता दें कि पिछले 4 वर्ष पूर्व अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया को पर्यटन के रूप में विकसित करते हुए इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया गया, तभी से यहां स्थानीय पर्यटकों सहित देश-प्रदेश के कौने-कौने से आ रहे पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की प्राकृतिक सुंदरता व जैव विविधता से प्रभावित पर्यटक यहां जंगल सफारी कर वन्यजीवों व यहां के कुदरती नजारों से काफी प्रभावित हो रहे हैं।

# विजय मोहन ने युवा इकाई का गठन किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एडवोकेट मनिंदर सिंह के प्रतिष्ठान पर व्यापारी एकता परिषद युवा मोर्चा की प्रथम सभा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन जिलाध्यक्ष विजय मोहन गुप्ता ने किया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुश्तकिम अहमद ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी, मंडल अध्यक्ष काशिफ खान, जिला महामंत्री राजीव भाई, जिला मंत्री प्रशांत की उपस्थिति में विजय मोहन गुप्ता ने अपनी युवा इकाई का गठन करते हुए एडवोकेट मनिंदर सिंह एवं एड. नमन को प्रधान जिला उपाध्यक्ष, सुहेल खान को जिला संगठन मंत्री, यश अग्रवाल को जिला सचिव, तुषार रस्तोगी को जिला सचिव, वसीम अहमद आशु को जिला महामंत्री मनोनीत किया। पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



# लू से बचाएगा शहतूत



## वजन, ब्लड प्रेशर और शुगर को करे कंट्रोल, पत्तों का लेप घाव भरे-कैंसर को बढ़ने से रोके

**गर्मियों के मौसम में कई ऐसे फल हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इनमें से ही एक है शहतूत। आयुर्वेद में शहतूत को अमृत फल कहा गया है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन और प्रोटीन पाए जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि रेशम का कीड़ा भी इसी पेड़ के पत्तों को खाता है, जिससे कीमती रेशम तैयार होता है। शहतूत इम्यूनिटी बूस्ट करता है। इसके साथ ये स्किन से जुड़ी समस्याओं और कैंसर जैसी बीमारी को भी दूर करने में फायदेमंद है। बापू नेचर क्योर की आयुर्वेदाचार्य रश्मि चतुर्वेदी कहती हैं कि केवल फल ही नहीं शहतूत के पत्ते भी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। ये वजन को कम करने के साथ-साथ डायबिटीज और हार्ट जैसी समस्याओं में भी असरदार है। इसके सेवन से शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर दोनों कंट्रोल में रहते हैं।**

**गर्मियों में लू लगने से बचाता है शहतूत:-** शहतूत की तासीर ठंडी होती है, जिसके कारण ये गर्मियों में लू लगने से बचाता है। यह फ्रूक्टोस और ग्लूकोज का भी अच्छा स्रोत है। गर्मी में शरीर को पानी की आवश्यकता अधिक होती है। इस फल में तकरीबन 91 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। गर्मियों के मौसम में रोजाना शहतूत खाना फायदेमंद है।

**विटामिन और पोटैशियम से भरपूर, वजन को करे कंट्रोल:-** शरीर में विटामिन और पोटैशियम की कमी है तो शहतूत फायदेमंद फल है। ये कई तरह की बीमारियों को दूर करता है। बढ़ते हुए वजन से परेशान लोग शहतूत की पत्तियों का सेवन करते हैं। शहतूत की पत्तियों का अर्क पीने से बढ़े हुए वजन को कम करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही यह लिवर को भी स्वस्थ रखने में मदद करता है। शहतूत की पत्तियों की चाय बनाकर भी पी जाती है।




**शुगर लेवल को करता है बैलेंस:-** डायबिटीज के मरीजों के लिए शहतूत की पत्तियों का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। शहतूत की पत्तियों में डीएनजे नाम का तत्व पाया जाता है, जो आंत में पाए जाने वाले अल्फा ग्लूकोसाइडे एंजाइम के साथ मिलकर शुगर को बढ़ने में कंट्रोल करता है। इतना ही नहीं, यह तत्व लिवर में मौजूद ग्लूकोज को भी कंट्रोल करता है। इसे नियमित लेते हैं तो ये खाना खाने के बाद शरीर में बनने वाले शुगर को भी नियंत्रित करता है।

**बीपी को रखे कंट्रोल-हार्ट के लिए भी फायदेमंद:-** शहतूत की पत्तियां ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधित समस्याओं के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती हैं। इनमें फेनोलिक्स और फ्लैवोनॉइड नामक तत्व मौजूद होते हैं जो दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। इसकी पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं।

**स्किन से जुड़ी बीमारियों में असरदार:-** आजकल पेट की गर्मी के कारण बालों का झड़ना और ग्रे होना बहुत कॉमन हो गया है। शहतूत में एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं जो स्किन और बालों के लिए बहुत जरूरी होते हैं। यह स्किन को रूखेपन से बचाता है और बालों को अपने नेचुरल कलर को बरकरार रखने में मदद करता है। इतना ही नहीं इससे बाल झड़ने भी कम हो जाते हैं। शहतूत के पत्तों को पीसकर लगाने से घाव जल्दी भरता है। पत्तों का इस्तेमाल दाद, एक्जिमा और सोरायसिस से राहत पाने के लिए भी किया जाता है।

**कैंसर सेल्स को करता है खत्म:- शहतूत कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद करता है। इसमें पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनॉयड जैसे प्लांट बेस्ड तत्व मौजूद होते हैं, जो कैंसर सेल्स को खत्म करने में सहायक हैं। इस तरह से ये कैंसर के रोगियों के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है।**

## सौंफ का पानी मोटापा घटाए, आंखों को दे ठंडक

**आजकल दुनिया भर में आबादी का बड़ा हिस्सा मोटापे की समस्या से परेशान है। इसकी वजह से हार्ट अटैक और डायबिटीज जैसी समस्याएं पैदा होने लगती हैं। वजन घटाने के लिए जिम जाना और वर्कआउट करना एकमात्र विकल्प नहीं है। पर क्या आपको पता है कि हमारे किचन में एक ऐसी औषधि मौजूद है जिसके सेवन से आप अपने वजन को नियंत्रित रख सकते हैं। वजन कम करने में आपकी मदद कर सकता है- सौंफ का पानी। सौंफ का सेवन आमतौर पर भोजन करने के बाद माउथ फ्रेशनर और पाचक के रूप में किया जाता है, लेकिन यह वजन कम करने में भी मददगार है।**



**शरीर ठंडा रखे, हीट स्ट्रोक से बचाए:-** गर्मियों में सौंफ शरीर का तापमान ठंडा रखता है और हीट स्ट्रोक से बचाता है। सौंफ में मूत्रवर्धक गुण होते हैं, इस प्रकार सौंफ की चाय या सौंफ का पानी पीने से शरीर से अतिरिक्त पानी बाहर निकालने में मदद मिल सकती है। सौंफ में जिंक, फास्फोरस, सेलेनियम और मैगनीज जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा सौंफ में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट, शरीर को मुक्त कणों से सुरक्षित रखते हैं। मुक्त कण शरीर में ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस पैदा करते हैं, जिससे मोटापा और कई अन्य बीमारियां हो सकती हैं।

**इस तरीके से बनाएं सौंफ का पानी:-** एक बड़ा चम्मच सौंफ लें और उसे दो गिलास पानी में डाल दें। चुटकी भर हल्दी को भी उसमें मिलाकर रात भर के लिए ढंककर रख दें। सुबह उस पानी में से एक गिलास पानी निकालकर उबाल लें और ठंडा कर एक साथ पिएं या फिर घूंट-घूंट पूरे दिन पीते रहें।

## सुबह सत्तू पियें, दिन में खायें, खून की कमी दूर करें, खुद को लू से बचाएं

**गर्मियों में सत्तू से बढ़िया कोई पेय पदार्थ नहीं है। पुदीना, नींबू, काला नमक के साथ तैयार सत्तू का शरबत न केवल टेस्टी होता है बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा होता है।**

**सुबह सत्तू पियें, दिन में खायें:-** गर्मियों के दिनों में सड़क किनारे ठेले पर सत्तू के शरबत मिल जाएंगे। घर पर इसे आसानी से तैयार किया जाता है। डाइटीशियन डॉ. विजयश्री प्रसाद बताती हैं कि सुबह खाली पेट सत्तू पीना सबसे फायदेमंद होता है। पहला कारण यह है कि इससे ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है। सत्तू में फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स भी भरपूर होते हैं। इनसे ब्लड शुगर को रेगुलेट करने में मदद मिलती है। इसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम की भी मात्रा अधिक होती है। आयरन भी भरपूर है इसलिए जिन्हें खून की कमी है उन्हें सत्तू पीना चाहिए।

### सत्तू पीने के क्या हैं फायदे

**आंखों को मिलती है राहत:-** गर्मियों में आखों में जलन, आंखें लाल होने, इचिंग, ड्राईनेस की शिकायत होती है। सत्तू को पानी में घोलकर पीने से इन तकलीफों से राहत मिलती है।

**गले को आराम:-** जिन्हें गले में खराश, गले के भीतर दाने होने और कुछ भी निगलने में तकलीफ हो, उन्हें सत्तू का शरबत पीना चाहिए।

**एनर्जी बूस्टर:-** इससे कमजोरी दूर होती है। गर्मी में थकान दूर होती है। इंस्टैंट एनर्जी के लिए सबसे बेहतर देसी ड्रिंक है। ट्रैवलिंग करते समय सत्तू का शरबत पीने से पेट भरा रहता है।

**शरीर को ठंडा रखता है:-** गर्मियों में शरीर का टेंपेरेचर अधिक होने लगता है। सत्तू पीने से शरीर ओवरहीट नहीं होता। इससे पेट ठीक रहता है और पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

**क्या रात में सत्तू पीना या खाना चाहिए ?:-** सत्तू में हाई प्रोटीन होता है। इसमें और भी कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं। कई बार अनजाने में लोग रात में भी सत्तू का शरबत पी लेते हैं या सत्तू खा लेते हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. डिंपल के अनुसार, सत्तू की तासीर ठंडी होती है इसलिए रात में सत्तू नहीं पीना या खाना चाहिए। इससे अपच होती है। पेट में एसिडिटी बनने लगती है। सुबह सिर दर्द और जुकाम भी हो सकता है।



# बदन सिंह और साबिर को पांच-पांच साल की सजा



**बिजनौर (चिंगारी)।** गैंगस्टर एक्ट के विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्का चौधरी ने गैंग बनाकर चोरी लूट और जानलेवा हमले जैसे संगीन अपराध करने के मामले में आरोपी बदन सिंह और साबिर को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाते हुए पांच-पांच वर्ष की कैद और पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी सलीम अख्तर के अनुसार तत्कालीन थानाध्यक्ष चांदपुर सुरेश सिंह चौहान ने आरोपी तालिब, बदन सिंह, साबिर, यामीन और इकबाल के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उक्त आरोपी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। इन्होंने गैंग बना रखा है। क्षेत्र के लोग इनके अपराध के कारण दहशत में है और उनके खिलाफ गवाही देने से डरते हैं। उक्त आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले जैसे संगीन मुकदमे थाने में दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी तालिब की पत्रावली पहले से ही अन्य आरोपियों से न्यायाधीश अल्का चौधरी ने आरोपी बदन सिंह और साबिर को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है, जबकि यामीन और इकबाल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

## डोडा पोस्त रखने वाले को 4 साल की सजा, 10 हजार का जुर्माना

बिजनौर(बि.टा.)। कोर्ट संख्या एक के अपर जिला जज प्रशांत मित्तल ने डोडा पोस्त रखने के आरोप में छोटे उर्फ जुल्फिकार को दोषी पाते हुए 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। एडीजीसी रितेश चौहान ने बताया कि 29 जून 2019 को थाना शिवालाकलां के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर दीपक पंवार शांति व्यवस्था हेतु गश्त पर थे। गश्त करते हुए नूरपुर-धनौरा तिराहे पर पहुंचे तो एक व्यक्ति उन्हें देखकर सक पकाकर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम छोटे उर्फ जुल्फिकार उर्फ दिल्फकार पुत्र रशीद मुस्तफाबाद शिवालाकलां बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो किलो अवैध डोडा पोस्त का चूर्ण बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने छोटे को अवैध डोडा पोस्त रखने का दोषी पाकर सजा सुनाई है।

## साइबर ठगी की घटनाएं हो रहीं लगातार शिक्षिका के खाते से उड़ाए 67 हजार

बिजनौर(चिंगारी)। नगर की एक शिक्षिका साइबर ठगी का शिकार हो गई। साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से ऑनलाइन लेन-देन के जरिए करीब 67 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने बैंक अधिकारियों व पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला काजीपाड़ा निवासी मुनव्वरा खातून पत्नी रियाजुद्दीन के मुताबिक उनका खाता केनरा बैंक में है। छह-सात जून को उनके खाते से कई संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए। बैंक खाते की जांच करने पर पता चला कि रकम ब्लिंकिट के माध्यम से खर्च दिखाई गई है। शिक्षिका का कहना है कि उन्होंने न तो कोई ऑनलाइन खरीदारी की और न ही किसी प्रकार का भुगतान किया, इसके बावजूद खाते से लगातार धनराशि कटती रही। मोबाइल फोन पर आए मैसेज और खाते का विवरण देखने के बाद उन्हें साइबर ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने बैंक अधिकारियों व पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses
D. Pharma
B.Sc. (Microbiology)
BCA
B.Com. (Computer)
BBA
B.A. LL.B.
LL.B.
Traditional Courses
B.A.
B.Sc. (ZBC)
B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-2622729412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com



## वाहन चालक संघ ने पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों को पुलाव खिलाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** ऑल इंडिया गवर्नमेंट ड्राइवर फेडरेशन के आह्वान पर राष्ट्रीय चालक दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय वाहन चालक संघ, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश, जनपद बिजनौर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिसर स्थित संघ भवन में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 10 जून को आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों तथा उनके साथ आए अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों एवं उनके माता-पिता को पुलाव खिलाकर सम्मानित किया गया।

राजकीय वाहन चालक संघ, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बिजनौर के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चालक दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम सेवा, सहयोग और सद्भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम में नोडल वाहन प्रभारी डॉ. के.के. राहुल, डॉ. के.पी. सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी वाहन चालक उपस्थित रहे। सभी ने अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



# 'कहीं भी समस्या हो तो धरना देकर बैठ जाओ, फिर भी न मानें तो कान पकड़ो'

## भाकियू टिकैत की महापंचायत में किसानों ने भरी हुंकार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले रतनपुर खुर्द में किसान महापंचायत का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। मंडी स्थल पर आयोजित महापंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि किसानों के ट्यूबवैलों पर बिजली मीटर लगवाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है, इसे उन्होंने सरकार का एक षड्यंत्र बताया। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई के लिए हमें एकजुट होकर आंदोलन और धरना प्रदर्शन करना होगा। इस दौरान उन्होंने गन्ना मिल मालिकों और सरकार को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। जिलाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि बिजली, पानी, ट्रांसफार्मर, छोइया नदी का गंदा पानी या बाढ़ आदि की कहीं समस्या है तो संबंधित अधिकारी को तुरंत ज्ञापन दो और धरना देकर बैठ जाओ, अगर फिर भी न मानें तो कान पकड़ो और समझा दो। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समय पर निदान करना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जानकारी देते ही बताया कि हरिद्वार के वीआईपी घाट पर 16, 17 व 18 जून को तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन रहा है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि शिविर में पहुंचकर चिंतन-मनन अवश्य करें। महापंचायत को ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनंगपाल उर्फ पप्पू, तहसील अध्यक्ष नितिन कुमार, शोपाल सिंह, शेर सिंह, संसार सिंह, तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार आदि ने संबोधित किया। संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया।




## चोरी की ट्राली सहित दो गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी बरामद


ट्रॉली चोरी के आरोपियों को कोर्ट ले जाती अफजलगढ़ पुलिस।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** तीन दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद में हुई ट्राली चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए अफजलगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों को चोरी हुई ट्राली एवं ट्रॉली चुराने में इस्तेमाल किए गए ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। ग्राम सीरवासुचंद निवासी अंकित कुमार ने बताया था कि अज्ञात चोर 6 जून की रात्रि को उसकी ट्राली चुराकर ले गए हैं। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि चोरी हुई ट्राली एवं इस घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित इस घटना को कारित करने में प्रकाश में आए निपेंद्र उर्फ गौरव (25 वर्ष) पुत्र संजय निवासी ग्राम पुक्खेवाला थाना रेहड़ एवं सुमित उर्फ सोल्हू 30 वर्ष पुत्र स्व. हेमराज सिंह निवासी ग्राम सरकड़ा चकराजमल, थाना धामपुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें बड़ी हवेली रवाना कर दिया गया है।

## सभासदों के बीच हुआ विवाद हवालात में गुजारनी पड़ी रात

### शांति भंग की आशंका में हुआ चालान

**सहसपुर ( चिंगारी )।** नगर पंचायत सहसपुर के वार्ड नंबर 10 के सभासद एहतेशाम अहमद और वार्ड नंबर 7 के सभासद मुईद के बीच आपसी विवाद का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दोनों जनप्रतिनिधि मोहल्ला हकीमपुरा निवासी मरहूम मुंशी बुल्लन के जनाजे में शिरकत करने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि मुईद द्वारा उहतेशाम अहमद पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से माहौल गर्मा गया। इसके बाद बस स्टैंड स्थित मस्जिद के सामने सभासद एहतेशाम ने मुईद से मारपीट की। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर उनका चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल) कराया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस कार्रवाई के चलते दोनों सभासदों को रात थाने में ही बितानी पड़ी। क्षेत्र में इस घटना की चर्चा बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक मकान रकबा 49 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम नांगल जट, परगना दारानगर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर, जिसकी वर्तमान चौहद्दी पूर्व में मकान हेतराम सिंह, पश्चिम में मकान गोपाल सिंह, उत्तर में मकान गोपाल सिंह तथा दक्षिण में झालू-नहटौर मार्ग है।

उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल विक्रय पत्र दिनांकित 03.07.2006, बही 01, जिल्द 3181, पेज 121-140, क्रमांक 7560 (विक्रेता व क्रेता जितेन्द्र कुमार) तथा मूल विक्रय पत्र दिनांकित 03.08.2009, बही 01, जिल्द 4741, पेज 33-48, क्रमांक 8775 (विक्रेता जितेन्द्र कुमार व क्रेता सुशीला देवी) तथा मूल विक्रय पत्र दिनांकित 20.06.2013, बही 01, जिल्द 6819, पेज 223-238, क्रमांक 7655 (विक्रेता सुशीला देवी व क्रेता मुन्नी देवी), जो रजिस्ट्री कार्यालय बिजनौर में दर्ज है, वास्तव में कहीं खो गये हैं। यदि कोई व्यक्ति उक्त विक्रय पत्रों का प्रयोग करता है, तो वह गैर-कानूनी होगा। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज मिलते हैं, तो निम्नलिखित पते पर सम्पर्क करें।

**- सुमन देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार, निवासी ग्राम व पोस्ट नांगल जट, परगना दारानगर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर।**
**मोबाइल नं. +91 6397789607**

## आवश्यक सूचना

उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की वर्तमान स्वामिनी सुमन देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार, निवासी ग्राम व पोस्ट नांगल जट, परगना दारानगर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर, विक्रय-पत्र दिनांक 27.08.2024, क्रमांक 13438 के आधार पर मालिक एवं काबिज हैं। उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर आवास फाइनेंस लि. से ऋण प्राप्त करना चाहती हैं। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो वह सात दिन के अन्दर निम्नलिखित पते पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**- संजीव कुमार चौहान, एडवोकेट, जिला एवं सत्र न्यायालय, बिजनौर।**
**मोबाइल नं. 9758525354**

## लेने जा रहा था दवाई बाइक खंभे से टकराई

### हायर सेंटर पहुंचते ही मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** दवाई लेने जा रहा मोटरसाइकिल सवार विद्युत पोल से टकरा गया, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गयी। क्षेत्र के गांव जमापुर निवासी अनिल कुमार पुत्र राजाराम घर से दवाई लेने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहा था। जैसे ही वह नल तिराहे से पहले मोड़ पर आया तो मोटरसाइकिल सीधे विद्युत पोल से टकरा गयी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर रैफर कर दिया। हायर सेंटर पहुंचते ही अनिल की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मोदी जी ने काम किये महान बॉबी ने किया रक्तदान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बॉबी ने धर्मनंदा ब्लड बैंक स्योहारा पहुंचकर रक्तदान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 12 वर्षों के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाए गये हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन सुनिश्चित किया गया। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से स्वास्थ्य सुरक्षा में सुधार हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति मजबूत हुई। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी व जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु चौहान ने रक्तदान किया। इस दौरान धर्मनंदा ब्लड बैंक के डायरेक्टर डाक्टर शाश्वत वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। डा. मनोज वर्मा, राजीव वर्मा, डा. विनीत देवरा, ब्राह्मपाल सिंह, डा. आशिफ, अशोक कुमार, अंचल चौधरी आदि मौजूद रहे।




## कई माह से बंद हैं डिवाइडर पर लगीं स्ट्रीट लाइटें

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित भूतपुरी तिराहे के निकट डिवाइडर पर लगीं स्ट्रीट लाइटें कई महीनों से बंद होने के कारण तिराहे पर स्थित पीएनबी बैंक की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के सामने दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों योगेश कुमार, धर्मवीर सिंह, मनोज कुमार, रोहित कुमार, जयप्रकाश सिंह, संजीव कुमार एवं पाकेश सिंह ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों के खराब होने की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि भूतपुरी तिराहे के अलावा माननगर क्षेत्र में भी कई स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र चालू कराने की मांग की है। वहीं इस संबंध में जब नेशनल हाईवे अथॉरिटी के परियोजना निदेशक (पीडी) संकेत शर्मा से संपर्क किया गया, तो उनका कोई उत्तर नहीं मिल पाया।

# फार्माकोग्नोसी पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन

**बिजनौर ( चिंगारी )। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, बिजनौर में आज "A Text Book of Pharmacognosy" पुस्तक का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन मनोज कुमार एवं बीएमएस कॉलेज के प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया।**



यह पुस्तक कृष्णा फार्मेसी कॉलेज, बिजनौर के प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार सैनी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर अजीत कुमार द्वारा लिखी गई है। पुस्तक को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे बी.फार्मा एवं डी.फार्मा के छात्र-छात्राओं को फार्माकोग्नोसी विषय के अध्ययन में विशेष सहायता मिलेगी।

विमोचन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा विषय की जटिल अवधारणाओं को सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने लेखकों को इस शैक्षणिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए इसे फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। गौरतलब है कि डॉ. अंकित कुमार सैनी द्वारा पूर्व में भी फार्मेसी विषय से संबंधित अनेक पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं, जो विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। उनके कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र प्रतिष्ठित जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं।

# युवक पर जानलेवा हमले के मामले में पिता-पुत्र सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** दो दिन पूर्व युवक पर हुए हमले के प्रकरण में पिता-पुत्र सहित तीन के विरुद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया गया है। नांगल के मुहल्ला जोशियान का निवासी विमल जोशी परसों रात्रि लगभग 8.30 बजे बाजार से घरेलू सामान खरीदकर पैदल अपने घर जा रहा था। आरबीएस इंटर कॉलेज के पास पहुंचने पर युवक के ऊपर बाइक सवारों ने हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। विमल के बड़े भाई अवनीश एड. ने बीती रात्रि पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बाइक सवार दो बाल अपचारियों तथा एक बाल अपचारी के पिता श्रवण निवासीगण नांगल ने उसके भाई को देखकर गालियां दीं। गालियां देने से मना करने पर लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से उसके भाई के ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज, मेरठ में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि विमल की नाक की हड्डी, दांत तथा जबड़ा टूट गया है। विगत रात्रि पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि दोनों बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर बोर्ड के आदेशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जबकि तीसरे आरोपी की संलिप्तता के सम्बन्ध में जांच की जा रही है।

## बाइक छोड़कर भाग खड़े हुये लुटेरे

**खासपुरा ( चिंगारी )।** थाना हल्दौर क्षेत्र ग्राम खासपुरा निवासी सोनू ठाकुर पुत्र अशोक ठाकुर को खासपुरा स्थित ईंट भट्टे के समीप अज्ञात बाइक सवार लोगों ने लूट की नीयत से रोका। बुधवार देर शाम सोनू अपने चश्मो की फेरी करके बिजनौर की ओर से अपनी बाइक से घर खासपुरा लौट रहा था। ईंट भट्टे के पास बाइक सवार हथियारबंद चोरों ने लूट के इरादे से सोनू को रोक लिया। चोरों ने युवक से बाइक और नकदी छीनने की कोशिश की। बदमाश तभी वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने शोर मचा दिया। राहगीर की हिम्मत देखकर चोर बाइक छोड़कर मौके से भाग गए। उधर, थाना प्रभारी हल्दौर कृष्ण अवतार सिंह से बताया कि इस विषय में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। जानकारी प्राप्त होने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।



सोनू ठाकुर

## मंदिर से चोरी करते हुए आरोपी पकड़ा

**नहटौर ( चिंगारी )। श्री चामुंडा देवी मंदिर में चोरी करने घुसे व्यक्ति को श्रद्धालुओं ने पकड़ लिया, जिसके पास से चोरी हुए पांच सौ रुपये व एक मोटरसाइकिल मिली है। आरोपी को पुलिस को सौंप दिया है। नहटौर नगर स्थित प्रसिद्ध श्री चामुंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने आज प्रातः को करीब 4 बजे एक व्यक्ति को चोरी करते हुए पकड़ लिया। आरोपी युवक ने अपना नाम साहिब पुत्र सलीम निवासी हमीदपुर नहटौर बताया। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल एवं मंदिर से चोरी किये पांच सौ रुपये भी बरामद हुए। आरोपी को समान के साथ पुलिस को सौप दिया। मंदिर प्रबंधक सुभाष सैनी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।**

## तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार करेंगे वकील

**धामपुर ( चिंगारी )। बार एसोसिएशन, धामपुर की कार्यकारिणी की बैठक में नायब तहसीलदार नहटौर राजकमल द्वारा कथित रूप से अवैध धन लेकर किये जा रहे दाखिल खारिज और एक प्राइवेट व्यक्ति को रखकर उसे न्यायालय की समस्त पत्रावली देने पर रोष व्यक्त किया गया। बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद सैनी एडवोकेट व सचिव देवेंद्र कुमार एडवोकेट ने शासन से नायब तहसीलदार नहटौर के द्वारा किए जा रहे अवैध कार्यों की जांच किए जाने की मांग की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जांच होने तक अधिवक्ता नायब तहसीलदार नहटौर के न्यायालय का अनिश्चितकाल तक बहिष्कार करेंगे।**

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## रेवेन्यू बार के एकीकरण को लेकर विवाद गहराया
## एल्डर्स कमेटी के गठन पर सवाल उठाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन के एकीकरण को लेकर विवाद गहराने लगा है। वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह ने एक दिन पूर्व जारी किए गये एल्डर्स कमेटी के गठन वाले बयान का खंडन किया है। बुधवार को जारी बयान में वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह का कहना है कि दोनों रेवेन्यू बार एसोसिएशनों को एक करने के उद्देश्य से उनके प्रयासों पर एक समन्वय समिति बनाई गई थी। समिति में यह सहमति बनी थी कि पहले दोनों पक्षों को साथ बैठाकर मतदाता सूची पर विचार किया जाएगा और उसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद गुट की ओर से बिना पूर्व सूचना और बिना सभी सदस्यों को विश्वास में लिए समाचार पत्रों में दोनों पक्षों की सहमति से एल्डर्स कमेटी के गठन की खबर प्रकाशित कराई गई। उनका कहना है कि इस संबंध में न तो उनकी राय ली गई और न ही समिति के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने 9 जून को जारी प्रेस विज्ञप्ति का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि उसमें प्रदर्शित सहमति उनकी जानकारी और अनुमति के बिना दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि एकीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी और सभी पक्षों की सहमति से ही आगे बढ़ाई जानी चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल भाजपाइयों ने बताये बेमिसाल



**किरतपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किरतपुर नगर में भाजपा विधानसभा नगीना की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और देश के विकास में मोदी के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रहित, संगठन मजबूती और विकसित भारत के निर्माण हेतु सभी ने एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने राम मंदिर में हवन पूजा कर सरस्वती शिशु मंदिर में एक पेड़ मां के नाम लगाया। रजनी कालरा, गौरव पाराशर, बीना राणा, मोनिका कालरा, दामिनी कालरा, कस्तूरी लाल आदि उपस्थित रहे।

# राम गंगा नदी के तट पर चलाया सफाई अभियान



कालागढ़ में जन जागरूकता रैली निकाली

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत रामगंगा बांध खंड कालागढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जानकारी के अनुसार अभियान के अंतर्गत अफजलगढ़ बैराज के डाउन स्ट्रीम क्षेत्र में रामगंगा नदी के दाएं तट पर फैली प्लास्टिक पन्नियों एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर नदी तट की सफाई की तथा स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इसके पश्चात पुराना कालागढ़ बाजार एवं सिंचाई विभाग कॉलोनी क्षेत्र में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही वृक्षारोपण कर हरित वातावरण बनाने का संकल्प भी लिया गया। आयोजित गोष्ठी में क्षेत्रीय नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता मेघ सिंह, सहायक अभियंता मनोहर दत्त जोशी, विभागीय कर्मचारी एवं रईस अहमद, आरिफ आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने प्रधानों का मार्गदर्शन किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने ग्राम प्रधानों के संग बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

ब्लॉक नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की एक आवश्यक बैठक विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया कि ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायतों के तीन – तीन पंचायत के ग्रुप बनाकर प्रतिदिन एक ग्रुप की बैठक ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में सम्पन्न करायी जाये। बैठकों में ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर उनका निस्तारण किया जाये। बैठक में ग्राम प्रधानों ने अपनी मुख्य समस्यायें ब्लॉक प्रमुख के समक्ष रखीं, जिनके समाधान का ब्लॉक प्रमुख ने आश्वासन दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों की स्थिति के सम्बन्ध में, ग्राम प्रधानों द्वारा किये जाने वाले उन विकास कार्यों के सम्बन्ध में, जिनमें अनुमति की आवश्यकता होगी, फरजपुर (मोहनपुर) की गौशाला की स्थिति के सम्बन्ध में, गांवों के रास्तों, नालों की सफाई के सम्बन्ध में, ग्राम प्रधान व प्रशासक के बीच के फर्क को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी ग्राम प्रधानों को सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने क्षेत्र पंचायत से बनने वाली सड़कों, पीडब्ल्यूडी द्वारा 2 वर्ष की अवधि के अंदर बनी क्षतिग्रस्त सड़कों, नई बनायी जाने वाली सड़कों, गांव के नालों की सफाई आदि के सम्बन्ध में प्रार्थना – पत्र प्राप्त किये तथा सभी को समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्रजराज देशवाल एड. , ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, सत्यपाल सिंह, वीर सिंह, दिलीप सिंह, मनोज कुमार, महताब, सतविंदर सिंह पोप, खुर्शीद अहमद सहित काफी ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# नील गाय से कार टकराई, कई लोगों के चोट आई

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के मौहल्ला हवेलीतला निवासी पत्रकार नौशाद सैफी के छोटे भाई अन्नदाता किसान यूनियन के जिला महासचिव शाहनवाज सैफी अपने साथी हाजी लड्डन, राजिक, अकील के साथ किसी कार्य से बिजनौर गए थे, देर शाम वापसी में वह नजीबाबाद आ रहे थे।



बताया जाता है कि जैसे ही वह स्वाहेडी-किरतपुर स्थित शकरपुरी से आगे पहुंचे, तभी उनकी स्विफ्ट कार संख्या यूपी 20सीवी7316 के आगे अचानक नील गाय आ गई, जिससे कार के दोनों एयरबैग खुलकर फट गए, कार अनियंत्रित होकर सड़क से कई फिट नीचे झाड़ियों व पत्थरों में जा गिरी। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और कार चला रहे शाहनवाज सैफी के सीने व कार में सवार हाजी लड्डन के मुह पर मामूली चोट लगी। वहीं इस घटना में स्विफ्ट कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर आसपास के लोगो और राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई, नजीबाबाद से मौके पर पहुंचे उनके भाई शहजाद सैफी, रियासत सैफी, नौशाद, आफाक, अय्यूब, वसीम, सलमान आदि लोगों ने मामूली रूप से घायल हुए दोनों को उपचार के लिए नजीबाबाद भेजा। आज सुबह क्रेन की सहायता से कार को बाहर निकाला गया। उधर आसपास के लोगो व वाहन स्वामियों में वन विभाग के प्रति नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि यहां आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं, इससे पहले भी कई बार गाड़ियों के आगे नील गाय व जंगली जानवर, आवारा कुत्ते आ जाते हैं, जिससे वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते है, क्षेत्रीय लोगों व वाहन चालकों ने स्थानीय प्रशासन, वन विभाग व एनएच से इस ओर ध्यान देने व फोरलेन के दोनों ओर बेरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की।

## ग़रीब परिवार ने डीलर पर लगाया राशन ना देने का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के मौहल्ला संतोमालन निवासी एक गरीब परिवार ने स्थानीय राशन डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता व राशन न देने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित युवक शादाब ने बताया कि वह कई महीनों से अपने परिवार के लिए निर्धारित राशन प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन उसे उसका पूरा राशन नहीं दिया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि उसके द्वारा राशन की मांग करने पर डीलर द्वारा टालमटोल की जाती है, कभी सर्वर की समस्या तो कभी अन्य बहाने बनाकर उसे बिना राशन के वापस भेज दिया जाता है। शादाब का कहना है कि उसने मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से भी की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके चलते उसे बार.बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## हवन-यज्ञ कर संदेश दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय विकास संगठन व पूर्व सैनिक पर्यावरण संरक्षण समिति ;नमो फाउंडेशनद्ध की ओर से पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विकास संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार व जिला संगठन महामंत्री वंदना कोटनाला के नेतृत्व में नजीबाबाद के ग्राम खैरूल्लापुर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ शास्त्री एडवोकेट कावेंद्र सिंह ने किया। यजमान भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद मे कार्यरत ज्ञानदेव का परिवार रहा। हवन यज्ञ के द्वारा समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया गया। हवन यज्ञ में राष्ट्रीय विकास संगठन के सभी सदस्य शामिल हुए।

## शर्बत का वितरण किया



बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी एवं वर्तमान सभासद दीपक गर्ग उर्फ मोनू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और समर्पण के 4399 सफल दिवस पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जजी रोड स्थित बिजनौर क्लब के बाहर शरबत वितरण शिविर एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों और आमजन को भीषण गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से शरबत पिलाया गया तथा मिठाइयों का वितरण किया गया। शिविर में नानक चांदखेड़ा, गौरव खेड़ा, कपिल राजपूत, कृष अग्रवाल, मनु अग्रवाल, काशिफ, सुरेश शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं देश के निरंतर विकास की कामना की।






# ऋषिकेश में नशे का कारोबार, रोकने में फेल है सरकार

## शूरवीर सिंह संजवान की पत्रकारों से बातचीत



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून मार्ग स्थित एक होटल में पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवान ने प्रेस वार्ता में ऋषिकेश में नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश ही नहीं पूरे प्रदेश के हर जिले में स्थिति ठीक नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अब तो ऐसा लगने लगा है कि प्रदेश में कोई सरकार नहीं है।

इस तरह की गतिविधियों से हर वर्ग भयभीत है। शीघ्र ही इस तरह के नशे के कारोबारी/अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम नहीं उठे तो स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ऋषिकेश की स्थिति बड़ी विकराल होती जा रही है। ऋषिकेश में जाम की स्थिति का स्थायी समाधान तलाशने की जरूरत है। ऋषिकेश में देश के कोने-कोने से लोग आते हैं, उनकी सबसे बड़ी समस्या जाम होती है। क्योंकि गाड़ियों को पार्क करने की कोई भी पार्किंग नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई चरम सीमा पर है। पानी, बिजली, गैस, डीजल, पेट्रोल समेत रोज उपयोग की ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो महंगी नहीं हुई है। सरकार हर क्षेत्र में फेल हो चुकी है। अब जनता बदलाव चाहती है। वर्ष 2027 में कांग्रेस की सरकार फिर वापस आ रही है। इस अवसर पर राजपाल खरोला, जयेंद्र रमोला, विनय सारस्वत, राकेश सिंह मियां, देवेंद्र प्रजापति, वीरपाल, प्रदीप जैन आदि उपस्थित थे।

## डॉ. प्रेमचन्द्र ने समाज कल्याण अधिकारी से ली नशा मुक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की जानकारी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल के साथ बैठक कर रायवाला में संचालित नशा मुक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। विधायक डॉ. अग्रवाल ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों की स्थिति, उनकी संख्या एवं उपचार व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड राज्य के बाहर के मरीजों को नियमों के विरुद्ध भर्ती किए जाने के मामले में स्पष्टीकरण मांगा। विधायक ने केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, उनकी जिम्मेदारियों एवं व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी धन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण करें तथा वहां की व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

## पुलिस कांस्टेबिल ने की मानवता की मिसाल कायम



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** खून का रिश्ता नहीं फिर भी आरक्षी परमजीत सिंह ने किडनी रोग से पीड़ित बुजुर्ग सुरेंद्र अग्रवाल को एक यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम की है। यहां बेस अस्पताल में भर्ती किडनी रोग से पीड़ित सुरेंद्र अग्रवाल को अत्यंत दुर्लभ रक्त समूह ओ नेगेटिव की तत्काल आवश्यकता थी। इसकी जानकारी मिलते ही कोटद्वार कोतवाली में तैनात कांस्टेबल परमजीत सिंह ने बिना विलंब किए ब्लड बैंक पहुंचकर एक यूनिट रक्तदान किया, जिससे समय पर पीड़ित अग्रवाल को रक्त की पूर्ति हो पाई। बताते चले की कोतवाल प्रदीप नेगी भी समय-समय पर रक्तदान करते रहते हैं और पुलिस कर्मियों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। सरदार परमजीत सिंह अब तक दो लोगों को रक्तदान कर चुके हैं। स्थानीय लोग उनके इस कार्य की सराहना कर रहे हैं।

## रोटरी क्लब की स्वर्ण जयंती पर लगेगा रक्तदान शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से क्लब के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर 21 जून को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। क्लब के प्रवक्ता गोपाल बंसल ने बताया कि एम्स ऋषिकेश व आधारशिला रक्तदान समूह कोटद्वार के सहयोग से बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं से शिविर को सफल बनाने की अपील की।

## पीएम मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

### सिद्धबली बाबा से उनकी दीर्घायु की कामना की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्री सिद्धबली बाबा से उनके दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की गई तथा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं और नए आत्मविश्वास और नई दिशा के साथ प्रगति के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। कहा कि प्रधानमंत्री ने निरंतर 4,399 दिनों तक राष्ट्रसेवा करते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी प्राप्त की है। मौके पर कार्यकर्ताओं ने सिद्धबली बाबा से उनके दीर्घायु की कामना की ताकि भारत विकास और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर मंदिर के महंत दिलीप रावत, उमेश त्रिपाठी, विजया नन्द पोखरियाल, मोहन सिंह नेगी, हरि सिंह पुंडीर, सौरव नौडियाल, शान्ता बमराड़ा और शशि बाला केष्टवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्व. चक्रधर शर्मा 'कमलेश' पर लिखी पुस्तक का विमोचन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुंदर लाल जोशी लिखित पुस्तक 'सांगठनिक शक्ति समर्थक स्व. चक्रधर शर्मा कमलेश' का विमोचन किया गया। वक्ताओं ने पुस्तक को स्व. चक्रधर शर्मा कमलेश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक महत्वपूर्ण कृति बताया।

समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सुशील कुमार त्यागी, राज्य सिंचाई सलाहकार समिति उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल, डॉ. दिनेश बलूनी, डॉ. वेद प्रकाश माहेश्वरी, शिवप्रकाश कुकरेती और शशिभूषण अमोली ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्यांचल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी ने डॉ. सुंदर लाल जोशी के साहित्यिक और सामाजिक योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. जोशी ने अपनी दिवंगत पुत्री स्व. आकांक्षा जोशी के अंगदान के माध्यम से समाज के सामने मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिला। साहित्यांचल के संस्थापक एवं संरक्षक डॉ. नंदकिशोर ढौंढियाल ने कहा कि पुस्तक में स्व. चक्रधर शर्मा कमलेश के व्यक्तित्व, विचारों और सामाजिक योगदान को प्रभावशाली एवं तथ्यपरक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर प्रकाश कोठारी, मयंक कोठारी, गणेश केष्टवाल, रिद्धि भट्ट, कैलाश कुकरेती, कमला जोशी, सतीश चंद्र कंडवाल, राजाराम थपलियाल सहित साहित्य प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।

## पत्रकार सत्य प्रसाद बडोला के निधन पर प्रेमचंद ने जताया शोक



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रसाद बडोला के आकस्मिक निधन पर ऋषिकेश विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया डॉ. अग्रवाल गुलजार फार्म, श्यामपुर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सत्य प्रसाद बडोला एक कर्मठ एवं निष्पक्ष पत्रकार थे, जिन्होंने अपने जीवन में पत्रकारिता के माध्यम से समाज के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन समाज एवं पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है उन्होंने उनके पुत्र मनोज बडोला एवं मुकेश बडोला को ढाढस बंधाया और दुख प्रकट किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पंकज जुगलान, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा सोनी रावत, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा दीपक जुगलान, मोहन सिंह रावत, गणेश बिजलवान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

# टीएमसी की बागी लिस्ट आउट...
## 24 घंटे बाद भी शत्रुघ्न, सयानी और यूसुफ पठान तीनों खामोश!



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी के अंदर भारी उथल-पुथल मची हुई है। टीएमसी के भीतर सुलग रही सियासी बगावत की आग अब खुलकर सामने आ गई है। टीएमसी विधायक के बाद सांसद भी अपना गुट बना लिए हैं। टीएमसी के उन 19 बागी सांसदों की लिस्ट सामने आ गई है, जिन्होंने काकोली घोष को अपना नेता और एनडीए को समर्थन करने के लिए लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखा है। टीएमसी के बागी सांसदों के द्वारा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दिये गए पत्र में सयानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा और यूसुफ पठान के नाम भी शामिल हैं। इसके बाद भी तीन सबसे ग्लैमरस और बड़े चेहरे अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं। बागी सांसदों की लिस्ट आउट होने के 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन सयानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा और यूसुफ पठान तीनों ने ही इस पर पूरी तरह से खामोशी अख्तियार कर रखी है, न तो कोई आधिकारिक बयान आया है और न ही सोशल मीडिया पर कोई सफाई, इस चुप्पी ने राजनीतिक गलियारों में कयासों के बाजार को बेहद गर्म कर दिया है।

### शत्रुघ्न सिन्हा का रुख क्या बदल गया है

शत्रुघ्न सिन्हा अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए मशहूर हैं, लेकिन उनका 24 घंटे तक चुप रहना किसी अचरज से कम नहीं है। आसनसोल लोकसभा सीट से सांसद शत्रुघ्न सिन्हा राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। बागी लिस्ट में नाम आने के बाद आम तौर पर नेता तुरंत मीडिया के सामने आकर खंडन करते हैं, लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा की तरफ से ऐसा न होना यह संकेत देता है कि वे फिलहाल वेट एंड वॉच के मोड में हैं।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

हरिद्वार में
मकान, दुकान, प्लॉट, कृषि भूमि, फ्लैट
खरीदने और बेचने के लिए संपर्क करें
मकान दुकान प्लॉट कृषिभूमि फ्लैट
त्यागी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन
नवोदय नगर रोशनाबाद जनपद हरिद्वार
सोनू त्यागी: 9927537136
संजीव मिश्रा: 8869011345
अतुल गांधी: 9756527677